हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 94 | देहरादून, सोमवार, 02 अक्टूबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



राजभवन में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान
3

# उत्तराखंड के सभी जनपदों में चला एक घंटा वृहद सफाई अभियान, स्वच्छता की शपथ ली

## सांसद, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी तक, सभी स्वच्छता अभियान के लिए उतरे सड़कों पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। माननीय प्रधानमंत्री जी के आहवान पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में 'स्वच्छता ही सेवा 2023' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य समस्त जनपदों सहित जनपद देहरादून प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक 01 घंटा वृहद सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के अन्तर्गत आज जनपद के गांधी पार्क में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें माननीय सांसद टिहरी लोकसभा श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद्र अग्रवाल, माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा सहित उच्च स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम उपस्थित लोगों, छात्र/छात्राओं महानुभवों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी महानुभावों द्वारा महात्मागांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।





इस अवसर पर माननीय सांसद टिहरी लोकसभा ने सम्बोधन करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सम्पूर्ण देश को स्वच्छ रखने का आहवान किया है। उन्होंने कार्यक्रम आए हुए बच्चों से कहा कि हमे स्वच्छता अपने घर एवं उसके आसपा से शुरू करनी चाहिए तथा इसको अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, जनपद, नगर, शहर को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में माननीय शहरी विकासमंत्री डॉ प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता अभियान को अपनाकर संदेश दिया है कि हर क्षेत्र (घर से लेकर कार्यक्षेत्र तक सभी) को साफ रखें। माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर सम्पूर्ण भारत देश में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूली, बच्चों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वंयसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग करते हुए सवच्छता हेतु श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि बच्चें एवं मातृशक्ति जिस भी अभियान में शामिल होते है, ऐसे सभी अभियान सफल होते है। उन्होंने कहा स्वच्छता की शपथ एक औपचारिकता न रहे बल्कि सफाई को हम अपने नित जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा ने कहा कि माननीय प्रधामंत्री के स्वच्छता के संकल्प पर सम्पूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है, कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कू? को उसके नियत स्थान डस्टबीन पर ही डालें, ईधर-उधर कूं?ा न फैलाएं था न ही किसी को कू?ा फैलाने दें। उन्होंने छात्र/छात्रओं एवं उपस्थित लोगों से कहा कि संकल्प लें कि हम प्लास्टिक का उपयोग नही करेंगे जो सामग्री प्लास्टिक में आएगी उसका बहिष्कार करें। कहा कि जनपद देहरादून के लगभग 1100 स्थानों तथा देहरादून नगर निगम क्षेत्र के 324 स्थान पर एक घंटा वृह्द सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नुक्क? नाटक मंचन कर लोंगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। माननीय सांसद टिहरी लोकसभा श्रीमती मालाराज्य लक्ष्मी शाह, माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद्र अग्रवाल, माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा, सचिव अरविंद सिंह हयांकी, अपर सचिव नितिन भदौरिया, नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल, उप जिला अधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम डॉ अविनाश खन्ना, नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों सहित एकलव्य स्कूल चकराता, के छात्र-छात्राओं तथा जीजीआईसी राजपुर की छात्राओं व अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।



## सीएम धामी ने दी पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी को जन्मदिवस की बधाई, स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल श्री भुवन चंद्र खंडूरी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री ने रविवार को श्री खंडूरी के जन्मदिन के अवसर पर उनके वसंत विहार स्थित आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट एवं संगठन महामंत्री श्री अजेय कुमार ने भी पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल श्री भुवन चंद्र खंडूरी से भेंट कर उनको जन्मदिवस की बधाई दी।

## देवभूमि उत्तराखंड की परंपराओं में वनों एवं वन्यजीवों का महत्वपूर्ण स्थान : उनियाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आई. सी. एफ.आर.ई.) के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्य वन्यजीव सप्ताह 2023 का शुभारंभ वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नंदा देवी बायोस्फीयर एवं राजाजी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत 84 कुटिया के इतिहास पर बनाई डॉक्युमेंट्री का विमोचन किया गया एवं कालसी भू संरक्षण वन प्रभाग,हरिद्वार वन प्रभाग तथा मसूरी वन विभाग के अंतर्गत मानव वन्य जीव संघर्ष से संबंधित अनुग्रह धनराशि के भुगतान हेतु 15 प्रभावित व्यक्तियों को चेक वितरण किए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की परंपराओं में वनों एवं वन्यजीवों का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारी आर्थिकी को ब?ावा देने में भी वनों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे राज्य के लोग जंगलों वन्य जीव के संरक्षण हेतु बेहद संवेदनशील एवं जागरूक हैं। आर्थिक मजबूती के साथ पर्यावरण की रक्षा हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रमुख वन संरक्षक श्री अनूप मलिक,प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ0 धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्री निशांत वर्मा, निदेशक राजाजी टाइगर रिजर्व डॉश साकेत बडोला एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों को दी साइबर क्राइम की जानकारी

बागेश्वर। एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट तथा महिला हेल्पलाइन ने महर्षि विद्या मंदिर बिलोना में जागरूकता अभियान चलाया। एसआई मीना रावत व निरीक्षक टीआर बगरेठा कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी, उत्पी?न, जबरन मजदूरी, जबरन विवाह कराना, बाल श्रम, भिक्षा वृत्ति, वैश्यावृत्ति आदि अन्य अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए।

# सावधान : भूल से भी ना यूज करें कमरे में रखी केतली, मिल सकता है घिनौना सरप्राइज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अक्टूबर : आज के समय में ऐसी कई चीजें इंवेंट की गई है जो लोगों की लाइफ आसान बना देती है. पहले के समय में आग लकड़ी से जलाई जाती थी. इसके बाद गैस चूल्हों का अविष्कार हुआ. अब तो इंडक्शन चूल्हे भी आ गए हैं. पहले पानी गर्म करने के लिए उन्हें गैस पर उबाला जाता था. लेकिन अब पानी गर्म करने के लिए केतली ही आ गई है. इन केटल्स में पानी आसानी से गर्म हो जाता है. घरों के अलावा ये केटल्स आपको होटल के कमरों में भी मिल जाएंगे.

ज्यादातर लोग आज के समय में गर्म पानी ही पीने लगे हैं. कई मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय के बाद लोग अपनी हेल्थ के लिए गर्म पानी पी रहे हैं. इस कारण कई होटल में भी आपको कमरों में केटल दिख जायेंगे. लोग होटल में रखे इन केटल में खुद ही पानी गर्म कर पी लेते हैं. उससे पहले वेटर्स से ही गर्म पानी मांगा जाता था. लेकिन लोगों की सुविधा के लिए अब केटल्स रख दिए जाते हैं. लोग सिर्फ इसमें पानी भरते हैं और पी लेते हैं. अब एक होटल स्टाफ ने खुलासा किया है कि लोगों को इन कैटल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.

ट्रैवल वेबसाइट ने ट्रेवलर्स की मदद के लिए कई स्टाफ से बातचीत की. इसमें वेटर्स से लेकर शेफ, होटल रिसेप्शनिस्ट और क्लीनर्स तक शामिल थे. इन स्टाफ्स ने होटल इंडस्ट्री से जुड़े ऐसे कई राज बताए, जिन्हें जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे. एक होटल स्टाफ ने अपना नाम छिपाने की शर्त पर कई शॉकिंग बातें लोगों को बताई. इसमें कमरे में रखे चाय के कप से लेकर होटल के बाथरूम में मौजूद सामानों के बारे में भी कई शॉकिंग बातें बताई गई. कई होटल स्टाफ्स ने कमरे में रखे केटल को इस्तेमाल ना करने की बात कहकर लोगों को हैरान कर दिया.कई होटल स्टाफ ने इस बात को कन्फर्म किया कि वो कमरे में रखे केटल की सफाई नहीं करते. साथ ही कमरे में ठहरने वाले लोगों से ये कहा गया कि जब भी केटल में पानी गर्म करें, उसके अंदर जरूर देख लें. कई बार इसके अंदर काई तक जमी रहती है. इसके अलावा कई गेस्ट्स इन केटल्स में अपने अंडरवियर धो देते हैं. कुछ इसमें नूडल्स बनाते हैं तो कई इसमें कच्चा मांस भी उबालते हैं. इस वजह से आगे से केटल का इस्तेमाल करने से पहले सोच लें।



# कपड़ों की दुकान पर बिना बिके कपड़ों का क्या होता है, हैरान कर देगा जवाब


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 सितम्बर : सोशल मीडिया साइट कोरा पर अक्सर लोग कुछ ऐसे सवाल पूछते हैं जिनका जवाब बहुत कम लोगों को ही पता होता है. हालांकि उन सभी सवालों के जवाब इस प्लेटफॉर्म पर जुड़े यूजर्स ही देते हैं. ऐसा ही एक सवाल यहां पूछा गया है कि 'कपड़ों की दुकान पर बिना बिके कपड़ों का क्या होता है, मालिक को उठाना पड़ता है नुकसान?' यह सवाल लाख टके का लगता है, क्योंकि हर सीजन के अंत में हमेशा कुछ कपड़े बिना बिके रह ही जाते होंगे. कई कोरा यूजर्स ने इस सवाल का जवाब दिया है, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे. कोरा यूजर्स के जवाबों से पता चलता है कि ऐसे कपड़ों से निपटने के लिए क्लॉथ स्टोर मालिकों के पास कई विकल्प होते हैं. उनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

डिस्काउंट पर बेच देना

कई दुकानें इसे टीके मैक्स जैसे डिस्काउंट स्टोर, या आउटनेट जैसे ऑनलाइन डिस्काउंटर्स को बेचती हैं. ऐसा सुनील वर्मा नाम के कोरा यूजर का कहना है. साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य लोग समय-समय पर आवश्यक चीजों की ऑनलाइन बिक्री शुरू करते हैं, या उनके पास अपने स्वयं के आउटलेट स्टोर होते हैं, जो पिछले सीजन के माल को डिस्काउंट पर बेचते हैं. रमेश चंद्र वार्ष्णेय नाम के कोरा यूजर सुनील की बात का समर्थन करते दिखे. उन्होंने कहा, '50 प्रतिशत की सेल ऐसे ही कपड़ों की लगाई जाती है. सुनील वर्मा ने आगे बताया कि डिस्काउंट सेल के बाद भी अगर कपड़े बिना बिके रह जाते हैं, तो उनको फाउंडेशन को दान कर दिया जाता है, जो उनको जरूरतमंद लोगों को फ्री में या फिर बहुत ही कम कीमतों पर बेच देती हैं. एलक्स मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, ऑक्सफैम याद साल्वेशन आर्मी जैसी कुछ फाउंडेशन ऐसा ही करती हैं.


फेस्टिवल सेल में दिए जाते हैं बेचपहली बात तो यह कि कपड़ा इतनी जल्दी खराब नहीं होता है. इसलिए बिना बिके हुए कपड़े फेस्टिवल सेल में भी बेच दिए जाते हैं. निधी जोशी नाम की कोरा यूजर कहती हैं कि 'आज नहीं तो कल ऐसे कपड़े बिक ही जाते हैं. अगर फिर भी न बिकें तो फेस्टिवल के दिन सेल लगाओ, भले ही प्रॉफिट कम कमाओगे लेकिन कपड़े निकल ही जाएंगे.



# नौ अंकों के नंबर से कॉल आए तो हो जाएं सतर्क, कहानी सुनाकर खातों से उड़ा देंगे रकम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अक्टूबर : अगर आपके मोबाइल में नौ अंकों के नंबर से कोई कॉल आता है, तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका ईजाद किया है। पहले वे कोरियर कंपनी के कर्मचारी बनकर आपके नाम से कोई पार्सल होने की बात कहेंगे और फिर पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर आपके खाते से जुड़ी जानकारियां लेकर खातों में रुपये जमा कराएंगे।



साइबर थाना पुलिस ने लोगों से अनजान लोगों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और खाते संबंधी जानकारियां साझा नहीं करने की अपील की है। इन दिनों साइबर ठग नौ अंकों के नंबर से लोगों को कॉल कर रहे हैं। वे खुद को कोरिअर कंपनी का कर्मचारी बताते हुए चीन या किसी अन्य देश से पार्सल आने की बात कहते हैं।जब व्यक्ति की ओर से इंकार किया जाता है तो ठग पार्सल में मोबाइल नंबर लिखे होने और पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर डराने की कोशिश करता है। इसके बाद ठग दूसरे नंबर से कस्टम या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बनकर कॉल करता है। व्यक्ति के पार्सल को लेकर अनभिज्ञता जताने पर ठग सबूत के रूप में बैंक स्टेटमेंट और आईडी मांगता है। इसके बाद कुछ ट्रांजेक्शन संदिग्ध बताते हुए अपने खाते में रुपये डलवा देता है। साइबर थाना कुमाऊं प्रभारी ललित मोहन जोशी कहते हैं कि नौ अंक के नंबर से कोई कॉल आए तो सत्यापन जरूर कर लें। उनके पास ऐसी लिखित शिकायत नहीं आई है, मगर ठग यह तरीका भी अपना रहे हैं। अनजान कॉलर से खाता संबंधी कोई भी जानकारी साझा न करें। ऐसे मामले में तत्काल साइबर थाना पुलिस या स्थानीय पुलिस से संपर्क जरूर कर लें।

## संक्षिप्त खबरें

### जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडक़ें बनी मुसीबत

रुद्रपुर। जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडक़े लोगो के लिए मुसीबत बन चुकी है।अभी तक पाइप लाइन से घरों में कनेक्शन नहीं दिए जाने से लोगो में आक्रोश व्याप्त है । कनेक्शन नही जोडऩे के चलते नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग सडक़ मरम्मत का कार्य नही करवा पा रहा है। जबकि कार्यदाई संस्थाओं को सडक़ मरम्मत ,सडक़ निर्माण के लिए जल जीवन मिशन योजना में बजट आवंटित हो चुका है। नगरपालिका को जहा शहरी छेत्र में पांच करोड़ से अधिक वही लोक निर्माण विभाग को दो करोड़ से अधिक का भुगतान मिल चुका है। बावजूद इसके सडक़ मरम्मत का कार्य शुरू नही हो सका है। इसकी मुख्य वजह जल जीवन मिशन के तहत विभाग ने अभी तक पानी के कनेक्शन लोगो को नहीं दिए है और न ही अभी तक टेस्टिंग का काम पूरा हुआ है। बिना टेस्टिंग और कनेक्शन दिए सडक़ निर्माण नही किया जा सकता अगर ऐसा किया गया तो जगह जगह लीकेज और लीकेज की वजह से सडक़ टूटने की वजह बनेगी । वही अगर सडक़ बना भी दी गई तो जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने के लिए सडक़े तोड़ कर कनेक्शन देना पड़ेगा। अब लोगो को जल्द सडक़ नही बनने पर चुनाव की आचार सहिता लगने का डर भी सताने लगा है। लोकसभा चुनाव नजदीक है ऐसे में अगर आचार संहिता अगर लग गई तो सडक़ निर्माण अधर में लटक जायेगा। सडक़े नही बनने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही दुर्घटनाएं घटित होने की भी आशंका बनी हुई है। ईओ नगरपालिका दीपक शुक्ला ने बताया की उनका विभाग पालिका छेत्र में सडक़ मरम्मत के टेंडर टेस्टिंग और कनेक्शन का काम पूरा होते ही शुरू कर देगी।उनके विभाग की ओर से कोई देरी नहीं है।

### नगर पंचायत कार्यालय का विधायक अरविंद पांडे ने किया लोकार्पण

रुद्रपुर। विधायक अरविंद पांडे और नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे ने नगर पंचायत गूलरभोज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। भवन का निर्माण आरईएस की ओर से एक करोड़ की लागत से किया गया। रविवार को नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गूलरभोज नगर को हाईटेक बनाने के लिए एसएस योजना के तहत 18 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म के उच्चीकरण को मंजूरी के साथ ही लॉंग रूट की एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सडक़ के चौ?ीकरण, नाली निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग की अपील की। यहां दुग्ध संघ अध्यक्ष तिलकराज गंभीर, नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, अतुल पांडे, सभासद संजीव भटेजा, सतीश चुघ, रमेश सागर, योगेश पानू, गुरमेल सिंह, डॉ. कुलदीप रघुवंशी, नंदन सिंह कोश्यारी, राजेश कुमार, मनविंदर पांडे, पूनम आर्य, उषा रानी, निर्मला देवी, इंदिरा ग?यि, दीपा चुफाल आदि मौजूद रहे।

# राजभवन में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान



न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत राजभवन परिसर में सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान' की अपील के अनुरूप राजभवन से सभी प्रदेशवासियों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी 'देशव्यापी स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए और राजभवन परिसर के अलावा राजभवन सचिवालय परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तभी हम भारत को स्वच्छ और समृद्ध बना सकते हैं। स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाकर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमें अपने अपने आस-पास ही स्वच्छता के लिए एक दृष्टिकोण बनाना होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमें एक बार फिर से स्वच्छ भारत अभियान को एक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई है। हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने की आवश्यकता है। हम अपने चारों ओर स्वच्छता के लिए नए आयाम विकसित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें स्वच्छता के साथ-साथ श्रमदान के महत्व को भी समझना होगा, हमारे श्रम के द्वारा समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। श्रमदान को दूसरे मायने में समझें तो हमें स्वच्छता के प्रति अपनी शर्म का दान करना होगा अर्थात संकोच को दूर भगाना होगा।

राज्यपाल ने राजभवन के स्वच्छता कार्मिकों के कार्यों को प्रोत्साहित किया और राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक और अन्य सभी लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सराहा।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, एडीसी मेजर तरुण कुमार, अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, विशेष कार्य अधिकारी श्री राज्यपाल बी.पी. नौटियाल, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली, उप सचिव एन. के. पोखरियाल, अनु सचिव जी. डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, सहायक निदेशक संजू प्रसाद ध्यानी, सूचना अधिकारी अजनेश राणा, मीडिया को-ऑर्डिनेटर पारितोष बंगवाल सहित राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक उपस्थित थे।

## एनआईटी में कवियों ने श्रोताओं को गुदगुदाया

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एनआईटी) उत्तराखंड में राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रभाषा हिंदी की गरिमा और संरक्षण को बनाए रखने के लिए हिंदी पखवाड़ा के तहत साहित्यिक क्लब की ओर से कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों से पहुंचे कवियों ने एक से बढ़कर एक रचना सुनाई। जिससे श्रोता गदगद हुए। मौके पर एनआईटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि कविता मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति के लिए बेहतरीन माध्यमों में से एक है। कवि सम्मेलन के शुभारंभ प्रसिद्ध गीतकार डॉ. कीर्ति काले ने मां शारदा की वंदना द्वारा किया। सम्मेलन के संचालक एवं विख्यात हास्य कवि डॉ. प्रतीक गुप्ता ने अपने चुटीले संचालन और हास परिहास से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। कवि सौरभ जैन सुमन और वेद ठाकुर ने अपनी ओजस्वी कविताओं द्वारा श्रोताओं को खूब रोमांचित किया। नालंदा के कवि संजीव मुकेश ने कविता के माध्यम से ग्रामीण परिवेश का सुंदर चित्रण किया। कवि सम्मेलन के अंत में वरिष्ठ कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल ने हास्य प्रस्तुति से श्रोताओं को गुदगुदाया। एनआईटी में अधीक्षक (भंडार) के पद पर कार्यरत प्रवीण मनवाल ने श्रृंगार रस की कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर डॉ. पमिता अवस्थी, एनआईटी हमीरपुर एवं एसके वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर के साथ ही प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, डॉ. हरिहरन मुथुसामी, डॉ. सनत अग्रवाल, डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. डीबी सिंह आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़े के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान


काशीपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवा? के तहत नगर निगम व अन्य संस्थाओं ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। रविवार को अभियान मेयर ऊषा चौधरी व मुख्य नगर आयुक्त विवेक राय के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाकर लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा पखवा? के तहत नगर निगम ने पंत पार्क, मेन बाजार आदि स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि शामिल रहे। उधर, कोतवाली परिसर में एएसपी अभय सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां एसएसआई मिश्रा, होमगार्ड कमांडर दिनेश चौहान तथा समस्त चौकी प्रभारी शामिल रहे। वहीं लिटिल स्कॉलर्स के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वच्छजलि कार्यक्रम मनाया गया। जहा गिरिताल के प्रारंभ से स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा गौतम के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सफाई क्षेत्र गिरीताल निश्चित किया गया। प्रातः सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने वहां एकत्रित होकर बड़े उत्साह से स्वच्छता के लिए नारे लगाते हुए रैली निकालकर यह सफाई कार्यक्रम आरंभ किया। रैली निकालते हुए लिटिल स्कॉलर्स का यह समूह प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गिरीताल मंदिर पहुंचा। जहां छात्रों तथा शिक्षकों ने मिलकर सफाई की।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

रुद्रपुर। भाजपा झनकट मडंल के बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गयी। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रत्येक बूथ पर 11 कार्यकर्ताओं की समिति व पन्ना प्रमुख के सत्यापन पर चर्चा की। झनकट मडंल के 17 शक्ति केंद्र में 72 बूथ आते हैं। इस दौरान मडंल अध्यक्ष विमला बिष्ट, भुवन जोशी, किशोर जोशी, अंजू देवी, प्रकाश शर्मा, हरेंद्र राणा, हरीश वर्मा, महेश राणा, राजनाथ मौर्य, अनिता ज्याला, ममता शर्मा आदि रहे।

## चाचा ने की भतीजे की गोली मारकर हत्या

रुद्रपुर। ग्राम रायपुर में सगे चाचा ने मामूली बहस में भजीजे को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद चाचा फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रायपुर बिंदुखेड़ा निवासी राजविंदर सिंह (24) पुत्र तारा सिंह अपनी ही जमीन में खेतीबाड़ी का काम करता था। रविवार करीब सुबह नौ बजे राजिंदर अपने खेत में पानी देने के लिए चाचा के खेत में लगे विद्युत पोल से ट्यूबवेल की तार लगाने गया था। इस दौरान चाचा ने उसे पोल से तार लगाने से मना कर दिया। इस पर दोनों में बहस शुरू हो गई।

# इन समस्याओं का शिकार बना सकती है विटामिन K की कमी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अक्टूबर : सेहतमंद रहने के लिए शरीर में सभी तरह के विटामिन और मिनरल्स का होना बेहद जरूरी है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार हमें स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, शरीर में किसी एक विटामिन की कमी भी आपको बीमार बना सकती है। विटामिन के इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है, जिसकी कमी आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है।

यह हमारे शरीर में कई तरह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही वजह है कि इसके महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालांकि, कुछ वजहों से शरीर में इसकी कमी होने की वजह से लोग कई समस्याओं का शिकार होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि शरीर में इसकी कमी को पहचान कर तुरंत इसे दूर किया जाए। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे शरीर में विटामिन के की कमी से दिखने वाले लक्षण और इससे होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में-

क्या है विटामिन K और इसकी कमी के लक्षणविटामिन के सेहत के लिए बेहद अहम विटामिन है, जो हड्डियों, दिल और ब्रेन के सुचारू रूप से काम करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह लिवर की समस्याओं और सिरोसिस से पीड़ित लोगों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में शरीर में इसकी कमी होने पर कई गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। आप इन लक्षणों से शरीर में विटामिन के की कमी का पता लगा सकते हैं। हल्की चोट लगने पर भी ज्यादा खून बहना , नाक से खून बहना महिलाओं में ज्यादा मासिक धर्म होना ,बोन डेन्सिटी कम हो जाना, जो ऑस्टियोपोरोसिस की वजह बन सकता है ,अक्सर जोड़ों और हड्डियों में दर्द होना ,छोटी चोट का बड़ा घाव बन जाना ,घाव का जल्द ठीक न होना ,नाखून के नीचे खून के छोटे-छोटे थक्के जमना ,मसूड़ों से खून आना ,उम्र से पहले दांत कमजोर हो जाना ,दांत-मसूढ़ों से जुड़ी समस्या होना , मसूड़ों या दांतों से खून निकलना

विटामिन के की कमी से होती हैं ये समस्याएं ,, विटामिन के हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। इसकी कमी शरीर में कई तरह की समस्याओं की वजह बन सकती हैं। अगर आपके शरीर में इस जरूरी पोषक तत्व की कमी है, तो आपको निम्न स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं- फेफड़ों के स्वास्थ्य में गिरावट ,क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) ,अस्थमा ,एलर्जिक ब्रोंकाइटिस ,किसी भी प्रकार की बीमारी, जिसमें फेफड़ों में घरघराहट हो ,फेफड़ों का खुलना कम हो जाना ,फेफड़ों की श्वसन क्रिया कम होना




इन फूड्स से करें विटामिन के की कमी पूरी ,हरी पत्तेदार सब्जियां ,सरसों का साग, पालक ,गेहूं, जौ ,मूली, चुकंदर ,लाल मिर्च ,केला ,अंकुरित अनाज ,रसदार फल ,अंडे ,मीट

# सिमली बेस अस्पताल में जनरल और नेत्र सर्जन नियुक्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। चमोली के केंद्र बिंदु सिमली में बने बेस अस्पताल में जल्द विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां आधा दर्जन करीब विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त कर दिए गए हैं। जबकि जल्द अन्य चिकित्सक भी यहां तैनात किए जाएंगे। सिमली में करोड़ों की लागत से बेस अस्पताल का निर्माण और कर्मियों के लिए आवास का निर्माण कर दिया गया है। लेकिन यहां अस्पताल शुरू हुए एक साल बीतने के बाद भी संसाधनों का अभाव बना है।

लगातार लोगों की मांग पर यहां अब विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त होने शुरू हो गए हैं। चमोली के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव शर्मा के मुताबिक सिमली बेस अस्पताल को जनरल सर्जन, नेत्र सर्जन, ईएनटी, की नियुक्ति कर दी गई है। जबकि यहां पहले से हड्डी रोग, फिजियोथेरेपिस्ट और एनेस्थीसिया की नियुक्ति थी। वहीं जिले को सरकार की पहल पर अभी और विशेषज्ञ चिकित्सक मिलने वाले हैं जिनमें से सिमली को प्राथमिकता के तौर पर चिकित्सक मिलेंगे। बताया कि पैरामेडीकल स्टॉफ और संसाधन जुटाने की प्रक्रिया गतिमान है। जबकि पैथोलॉजी के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क जांच का कलेक्शन सेंटर बनाया गया है।

लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सिमली बेस अस्पताल में सुविधाएं और विशेषज्ञों की नियुक्ति जल्द नहीं होने पर लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वरी मैखुरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट, कपीरी संघर्ष समिति के अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत सहित अन्य ने जल्द सिमली बेस अस्पताल को शुरू करने की मांग की है।

# टिहरी के विभिन्न कस्बों में लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। स्व'छता ही सेवा कार्यक्रम के टिहरी जिले के विभिन्न कस्बों में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने स्व'छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्व'छता के प्रति जागरुक भी किया गया।

रविवार को स्व'छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगरपालिका नरेन्द्रनगर में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने सामुदायिक भवन नगर के लोगों को स्व'छता की शपथ दिलाई। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री और नगरपालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका चंबा में अध्यक्ष सुमना रमोला,नपं गजा में मीना खाती, नपं घनसाली में शंकरपाल सजवाण, नपं चमियाला में ममता पंवार, नपं लंबगांव में भरोषी देवी रागड़ के नेतृत्व विभिन्न जगहों पर कर्मचारियों और लोगों ने स्व'छता अभियान चलाया। इसके अलावा कॉलेजों,स्कूलों और विभिन्न संगठनों ने अपने अपने कस्बों में स्व'छता अभियान चलाया। लंबगांव नौघर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनएसएस इकाई ने महाविद्यालय परिसर में स्व'छता अभियान चलाया। साथ ही विभिन्न जगह जगह रैलियों के माध्यम से लोगों को स्व'छता के प्रति जागरुक किया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, एसडीएम देवेंद्र नेगी, ब्लॉक प्रमुख बसुमति घणाता, ब्लॉक प्रमुख



सुनीता देवी, शिवानी बिष्ट, डॉ.शुभम उनियाल, रेंजर विवेक जोशी,राजेंद्र खाती, जगजीत नेगी, देवी सिंह पंवार, विनोद चौहान, रतन सिंह रावत, दिनेश प्रसाद उनियाल, दिलबीर रावत, गजे सिंह नेगी,युद्धवीर राणा, कैलाश चंद्र सेमवाल, सौरभ रावत सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नंदासैंण मेले की बैठक 8 को

चमोली। रा'य स्थापना दिवस से शुरू होने वाले चार दिवसीय नंदासैंण पर्यावरण संवर्धन एवं पयर्टन विकास मेले की बैठक आगामी 8 अक्तूबर को नंदासैंण में आयोजित की गई है। मेला समिति के हरेंद्र चौधरी ने बताया कि बैठक में मेला आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

### गोपेश्वर में टीएचडीसी औ पुलिस ने चलाया स्व'छता अभियान

चमोली। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित सभी थानों, चौकियों में स्व'छता अभियान चलाया। एक तारीख एक घंटा कार्य क्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने श्रमदान कर पुलिस लाइन में वृहद सफाई अभियान चलाया। पीपलकोटी में टीएचडीसी ने महाप्रबंधक अजय वर्मा के नेतृत्व में जन जागरण स्व'छता अभियान चलाया। एनसीसी के कैंडिटों ने लेफ्टिनेंट कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। राजकीय इंटर कालेज मैठाणा में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। केन्द्रीय विद्यालय गोपेश्वर, राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर में वृहद सफाई अभियान चलाया गया।

### चार को दिल्ली कूच करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

चमोली। यहां आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक में मानदेय बढ़ाने सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न मांगों के लिए चार अक्तूबर को दिल्ली कूच रैली को सफल बनाने की अपील की गई। रविवार को संगठन की जिलाध्यक्ष बिमला गैरोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां समान वेतन समान काम की मांग भी सरकारी स्तर पर लटकी हैं। साथ ही कहा गया कि चार अक्तूबर को आंगनवाड़ी सहायिकाएं और मिनी कार्यकत्रियां बड़े स्तर पर दिल्ली रैली के लिए कूच करेंगी। बैठक में नारायणबगड़ ब्लाक अध्यक्ष मीरा बिष्ट, कर्णप्रयाग की शोभा बिष्ट, देवाल की इंद्रा कुनियाल, गैरसैंण की सुनीता ढोंडियाल, थराली की दुर्गा जोशी सहित मुन्नी कंडारी, आशा नेगी, धन्नेश्वरी, तुलसी देवी, कविता देवी, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने मयाली बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मयाली बाजार में ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी के नेतृत्व में रविवार को स्व'छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रास्तों,गलियों व टैक्सी स्टैंड आदि की सफाई की। वहीं सडक़ व रास्तों सहित बस्ती में भी सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर कांग्रेस जखोली ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस स्व'छता अभियान चलाकर कर समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार व बुराई का अंत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर हर गांव व न्याय पंचायत स्तर पर स्व'छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी के विचार व भावना से भय मुक्त समाज के लिए जन-जागरूकता अभियान चलायेगी। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी, टैक्सी युनियन अध्यक्ष पूर्व प्रधान हरीश पुण्डीर,पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश कोठरी, चेतन भण्डारी,पवन काला आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों को पर्यावरण और स्व'छता की शपथ दिलाई

नई टिहरी। बालगंगा रेंज की ग्राम पंचायत वाड अणुवा में वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश भजनियाल की अध्यक्षता में मनाया गया। मौके पर ग्रामीणों को स्व'छता की शपथ भी दिलाई। ग्रामीणों ने रेंजर के समक्ष बंदरों और जंगली सुअरों के कारण खेती हो रहे नुकसान की समस्या रखी।

भिलंगना के वाड अणुवा में वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम में रेंजर प्रदीप चौहान और विभागीय कर्मचारियों ने ग्रामीणों को वन्य जीव,पर्यावरण संरक्षण और स्व'छता की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों से वन संपदा और वन्यजीवों को बचाने की अपील की। प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीण,आंगनवाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता ने गांव में स्व'छता अभियान भी चलाया और ग्रामीणों को स्व'छता की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल का स्वागत भी किया गया।

# कहीं प्लास्टिक वाला सलाद तो नहीं खा रहे आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अक्टूबर : सलाद हमें ताकत देता है. इसी वजह से ज्यादातर घरों में लोग इसे भोजन के साथ या अलग से खाना पसंद करते हैं. बहुत सारे घरों में हरी पत्तियों वाले रोमैन लेट्यूस को सलाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. क्योंकि इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और पोटेशियम प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं. रोमैन लेट्यूस विटामिन सी, विटामिन के और फोलेट से भरपूर होता है. यह बीटा कैरोटीन का अच्छा स्रोत है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है. लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया पर इसे लेकर हंगामा मचा हुआ है. लोग टिक टॉक पर इन हरी पत्तियों को छीलते हुए वीडियो डाल रहे हैं, और पूछ रहे कि क्या सच में यह प्लास्टिक है?डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोग इन हरी पत्तयिों को जलाकर भी दिखा रहे और दावा कर रहे कि यह बिल्कुल प्लास्टिक की तरह जल रहा है. सोशल मीडिया पर हंगामा बरपा तो एक्सपर्ट्स को भी जवाब देना पड़ा . यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने एक रिसर्च के हवाले से कहा, यह अन्य हरी पत्तियों की तरह नहीं होता जो तुरंत टूट जाएं. इसके बावजूद यह पूरी तरह प्राकृतिक है और खाने योग्य है. लेट्यूस पर एपिडर्मिस की एक परत होती है, जो छीली जा सकती है और ठंड की वजह से वह पूरा नहीं होता. इसे ही देखकर लोग भ्रमित हो रहे हैं.एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर लेट्यूस को फ्रिज में ज्यादा देर तक रखा जाए तो यह परत और भी मोटी हो सकती है, जो देखने में बिल्कुल प्लास्टिक की तरह नजर आती है. लेकिन सच में यह प्लास्टिक नहीं है बल्कि एपिडर्मल कोटिंग है. 2018 में भी एक महिला ने यह मुद्दा उठाया था, उसके बाद वैज्ञानिकों ने रिसर्च की थी. तब हकीकत सामने आई थी. दरअसल, लोग इसलिए परेशान हो रहे हैं क्योंकि बीते दिनों कई तरह के बैक्टीरिया की वजह से लोगों की मौतें हुई हैं. इसलिए जब भी ऐसी कोई चीज दिख जाती है, तो वे डर जाते हैं. अगस्त 2022 में ई. कोली के प्रकोप ने लेट्यूस को प्रभावित किया. यहां तक इसकी वजह से 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया.पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ साल पहले एक रिसर्च की थी. तब उन्होंने पाया था कि लेट्यूस के पौधे अगर 14 दिनों के लिए प्लास्टिक से दूषित मिट्टी में रखे जाएं तो वे नैनो प्लास्टिक के संपर्क में आ जाते हैं. इस लेट्यूस को जब कीड़ों को खिलाया गया तो उनमें ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा पाए गए थे.



पता चला कि नैनो प्लास्टिक पौधों की जड़ों द्वारा उठाए गया था जो कि पत्तियों में जमा हो गया था. इस रिसर्च पर भी खूब हंगामा हुआ था और लोगों का कहना था कि अगर नैनो प्लास्टिक के संपर्क में वे आ जाते हैं तो फिर प्लास्टिक तो इसके माध्यम से शरीर में पहुंच ही जाएगा.

## भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर की सफाई

रुडक़ी। भारतीय जनता पार्टी रुडक़ी पूर्वी मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में शिव मंदिर सिविल लाइन, चंद्रशेखर चौक गांधी, गांधीजी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं नहर किनारे स्थित रविदास घाट पर संत रविदास और कश्यप घाट पर महर्षि कश्यप की प्रतिमा, नगर निगम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर, रानी लक्ष्मीबाई पार्क में भी सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री, अरविंद गौतम, आदेश सैनी, सावित्री मंगला, मनोहर सक्सेना, शक्ति केंद्र संयोजक रीना अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष अमित अग्रवाल, राहुल, आकाश जैन, श्याम भारद्वाज, रीता अग्रवाल, अंकुर भाटिया, रविंद्र अग्रवाल, शाहिद आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

रुडक़ी। ग्रामीणों की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल ने रायपुर गांव पहुंचकर तालाब और नालियों का निरीक्षण किया। बताया गया कि गांव रायपुर में ग्रामीणों की शिकायत के चलते मनरेगा लोकपाल मिथिलेश तोमर और आईएस चौहान ने गांव पहुंचकर मनरेगा के तहत हुए कार्यों तालाब व नालियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मनरेगा लोकपाल मिथिलेश तोमर ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण और अभिलेखों की जांच के बाद ही रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## स्लोगन लिखकर सफाई के प्रति जागरूक किया

रुडक़ी। कस्बे में आसपास के गांव में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की। विधायक ममता राकेश ने खुब्बनपुर और चौली शहाबुद्दीनपुर गांव में पहुंचकर स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया। चुडयिाला गांव में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने लोगों से कहा कि गांव में साफ-सफाई हमेशा रखनी चाहिए। भगवानपुर नगर पंचायत और समस्त स्कूलों में भी बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। आरएनआई इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शपथ, स्वच्छता प्रदर्शन और स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने तख्तियों पर स्लोगन प्रदर्शित करके जन जागरण किया।

## नाला निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप

रुडक़ी। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नाला निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। नाला निर्माण एनओसी लिए बिना ही एनएच की भूमि पर किया जा रहा है। लंढौरा में रु?की लक्सर मार्ग किनारे नगर पंचायत की ओर से सीसी नाले का निर्माण कराया जा रहा है। जुल्फकार, महबूब, तौसीफ, नासर, इसरार आदि का कहना है कि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। एनएच विभाग से एनओसी लिए बिना ही एनएच की भूमि पर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई जा रही है। लोगों का कहना है कि कुछ दूरी पर नाला बनाने के स्थान पर धार्मिक स्थल बना हुआ। अगर लोगों ने इसका विरोध किया तो नाले का निर्माण अधर में लटक सकता है।

## भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रुडक़ी। भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पार्षद विवेक चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने रविवार को सवच्छता अभियान चलाया। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि अगर हम अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ रखते हैं तो एक स्वस्थ और सुन्दर शहर बनाने में कामयाब होगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमन त्यागी, अनुराग मित्तल, पंकज पंवार, पुष्कर भाटिया, सुनील चौधरी, यशपाल त्यागी, डॉ. सत्यपाल सिंह, राजीव वर्मा, सफाई पर्यवेक्षक नरेश कुमार सहित नगर निगम के पर्यावरण मित्रों ने भागेदारी की।

## महिला को समोहित कर सोने के कुंडल लूटे

रुडक़ी। रामनगर में शनिवार शाम दो अज्ञात ठगों ने गंगाजल का प्रसाद पिलाकर लगभग दो तोले के सोने के कुंडल एवं बारह सौ रुपये लूट कर फरार हो गए। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर निवासी पत्रकार और लेखक शशि कुमार सैनी ने बताया कि उनकी पत्नी गीता सैनी बीती शाम करीब साढ़े छह बजे अपने घर से सामान लेने रामनगर शिव चौक गई थी। अचानक एक अधेड़ व्यक्ति ने उनको रास्ते में रोककर किसी डॉ. रेखा के घर का पता पूछा। तभी वहां एक युवक भी आ गया। अधेड़ व्यक्ति ने उनकी पत्नी और युवक से पांच-पांच रुपए का प्रसाद लेने के लिए कहा। इसके बाद अपने पास से गंगाजल रूपी प्रसाद उन्हें पीने के लिए दिया। जिसे पीकर गीता सैनी बदहवास हो गई। आरोप है कि दोनों ने अपने झांसे में लेते हुए सोने के दोनों कानों के कुंडल उतरवा लिए और 1200 रुपये नगदी लेकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मामले की जांच की जा रही है।

## गंगनहर की आसफ नगर झाल से एक साथ छह शव मिलने से हडक़ंप

रुडक़ी। गंगनहर की आसफ नगर झाल से छह शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। जिनमें एक महिला भी शामिल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को नहर से निकालते हुए शिनाख्त के प्रयास किए। जिनमें से महिला समेत दो शवों की शिनाख्त हुई। अन्य शवों की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस ने इन शवों को रुडक़ी स्थित संयुक्त चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला समेत दो शवों की शिनाख्त अभी हो पाई है। जिनमें विमला पत्नी ईश्वर सिंह निवासी इंदिरा विहार रुडक़ी तथा तकी अहमद पुत्र चांद अहमद निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश शामिल है। शेष चार अन्य शवों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नई पेंशन व्यवस्था के विरोध में काला दिवस मनाया

पौड़ी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा नई पेंशन व्यवस्था के विरोध में काला दिवस मनाया गया। इस दौरान जल्द ही पुरानी पेंशन बहाली करने की मांग के लिए एनपीएस की प्रतियां जलाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक़ दुर्घटना में कार चालक की मौत

रुड़की। हरिद्वार से दिल्ली लौट रही एक तेज रफ्तार कार चालक ने हाइवे पर चलते हुए नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते सडक़ पर खड़ी एक ट्राली से कार जा टकराई। दुर्घटना में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठे करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। रविवार को नेशनल हाईवे पर यातायात का दबाव अधिक रहा। वीकेंड होने पर दिल्ली की ओर से भारी संख्या में वाहनों का देवभूमि में प्रवेश देखा गया। इसके साथ ही हरिद्वार से भी लोग दिल्ली की ओर लौट रहे हैं। इसमें पिरान कलियर शरीफ में संपन्न हुए उर्स में शामिल होने आए लोगों की संख्या भी काफी हद तक अधिक है। रविवार को हरिद्वार से दिल्ली लौट रही एक कार में सवार करीब सात लोग शामिल थे। जैसे ही यह कार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावली के निकट पहुंची तभी वहां पर खड़ी एक ट्रैक्टर ट्रॉली से कर जा टकराई। दुर्घटना की सूचना पर नारसन चौकी प्रभारी नवीन चौहान तथा मंगलौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार से सभी घायलों को बाहर निकाला। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। सभी घायलों को पुलिस ने 108 सेवा के माध्यम से रुडक़ी के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भिजवाया। जहां से उन्हें अन्य अस्पतालों में भेज दिया गया। कार चालक के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर महेश जोशी ने बताया कि कार चालक की पहचान अर्पित कुमार (32) पुत्र राजेश कुमार निवासी गदरपुर दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार तथा ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### मिड डे मील के सिलेंडर व अन्य सामान चोरी

रुड़की। मुंडाखेड़ा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती रात किसी ने कॉलेज के रसोईघर की दीवार तोडक़र मिड डे मील का खाना पकाने के लिए भीतर रखे गैस के दो सिलेंडर, 15 लीटर का एक प्रेशर कुकर व कुछ अन्य सामान चोरी कर लिया है। तहरीर पर लक्सर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### विश्वकर्मा धीमान समाज ने किया मेधावियों का सम्मान

रुड़की। विश्वकर्मा धीमान समाज की ओर से रविवार को हरमिलाप धर्मशाला रुडक़ी में आयोजित समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र ऑल विश्वकर्मा रामगढयिा फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत जैल सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विकास में विश्वकर्मा धीमान समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को देश का भावी नागरिक बताते हुए कहा कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढऩा चाहिए। रुडक़ी के नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र केवल कड़ी मेहनत है। कभी भी बच्चों को शॉर्टकट के चक्कर में नहीं पडऩा चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि सकारात्मक सोच सकारात्मक परिणाम लाती है। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार धीमान ने शिक्षा के क्षेत्र में हर रोज हो रहे नए-नए परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रवि दत्त शर्मा, केएलडीएवी डिग्री कॉलेज के उपप्राचार्य डॉक्टर मंजुल धीमान, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश धीमान, शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार आदि ने विचार रखे। इस दौरान डॉक्टर बृजपाल धीमान, अजय शर्मा, सुनील शर्मा, वीरेंद्र धीमान, राजन विश्वकर्मा, कुलदीप मोहन, श्रीदत्त धीमान, श्रीकांत धीमान, प्रवेश दीवान, राजेश धीमान, डॉ. अनिल धीमान आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

### सफाई अभियान के साथ रक्तदान शिविर लगाया

रुड़की। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज ढंडेरा के एनएसएस स्वयंसेवियों ने ढंडेरा नगर पंचायत के कर्मियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संगीता ठाकुर और कार्यक्रम अधिकारी मनु प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता नगर पंचायत संजय रावत ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# जीवित रहते रक्तदान व मृत्यु पश्चात देहदान सबसे बड़ा पुण्य का काम : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने रविवार को रेसकोर्स में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस ''मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे लोगों से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट समेत पचास से अधिक बार रक्तदान करने वाले लोगों व रक्तदान शिविरों में सहयोग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया। शिविर में एक हजार यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था।

देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे। शिविर में राज्यपाल ने 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाब?ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे ब?ा दान है। व्यक्ति द्वारा जीवित रहते हुए रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान सबसे पुण्य का काम है। रक्तदान से दूसरों की जिंदगी में खुशहाली लाना सबसे ब?ी आत्म संतुष्टि होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को रक्तदान के महत्व के साथ ही जागरूक समाज की रचना करने की प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल ने देवभूमि विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा अन्य सामाजिक कार्यों वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा से महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और संस्थान के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सेवा के कार्य उन्हें आत्मसंतुष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने 03 से 13 सितम्बर तक विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाकर 01 हजार यूनिट रक्त विभिन्न अस्पतालों को उपलब्ध कराया। इन शिविरों में महिलाओं की सहभागिता तो रही लेकिन अधिकांश में खून की कमी (एनीमिया) पाई जा रही है जिस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कार्यक्रम में विधायक राजपुर रोड खजान दास, विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, अध्यक्ष गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी दलबीर सिंह साहनी, पार्षद देवेन्द्र पाल सिंह मोंटी के अलावा अनेक लोग और रक्तदानकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड का विकास नहीं चाहती कांग्रेस : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस राज्य का विकास नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इसीलिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के प्रयासों से राज्य में आ रहे निवेश को कांग्रेस के नेता पचा नहीं पा रहे। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए महेंद्र भट्ट ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की ओर से राज्य में हो रहे इंवेस्टर्स समिट पर उठाए गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के द्वारा राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए जो प्रयास हो रहे हैं कांग्रेस उसे पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उद्यमी राज्य में निवेश करना चाहता है तो मुख्यमंत्री उनसे एमओयू करने विदेश भी जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को राज्य में निवेश के प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री का दौरा सराहनीय पहल है और इससे प्रदेश व देश से बाहर रह रहे निवेशकों को सम्मान मिला है। भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस इस तरह के आरोप इसलिए लगा रही है ताकि राज्य में प्रस्तावित निवेश बाधित हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हमेशा ही राज्य विरोध मानसिकता रही है। इसीलिए उसके नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं।

## जीयर मठ के प्रमुख को तीर्थ पुरोहितों का विरोध झेलना पड़ा

नई टिहरी। देवप्रयाग तीर्थ स्थित प्राचीन रघुनाथ मन्दिर में दक्षिण भारत के जीयर मठ के प्रमुख स्वामी चिन्ना रामानुज को रघुनाथ मंदिर के पुजारी और तीर्थपुरोहितों का विरोध झेलना पड़ा। जीयर स्वामी भगवान रघुनाथ को मूर्ति स्पर्श करने का दबाव बना रहे थे। प्राचीन रघुनाथ मंदिर के पुजारी समीर पंचपुरी ने बताया कि प्राचीन काल से आ रही परंपराओं और टिहरी रियासत काल में बने नियमों के मुताबिक कोई भी मंदिर के गर्भ गृह में नहीं जा सकता है,और न ही भगवान रघुनाथ की मूर्ति को स्पर्श कर सकता है। मंदिर के पुजारी द्वारा दक्षिण भारत जीयर मठ के प्रमुख स्वामी चिन्ना रामानुज को मंदिर के गर्भ गृह में जाने से रोकने पर स्वामी के शिष्यों ने स्वामी के प्रोटोकॉल की बात पुजारी के सामने रखी। जिसके बाद श्री रघुनाथ मन्दिर समिति अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। अध्यक्ष ने कहा कि पुरातन समय से भगवान श्री रघुनाथ की मूर्ति को मंदिर के पुजारी के अलावा कोई दूसरे को स्पर्श नहीं कर सकता है। बताया कि बदरीनाथ धाम तीर्थ पुरोहित समाज के आराध्य भगवान रघुनाथ को टिहरी नरेश भी अपना कुल देवता मानते थे। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार दक्षिण भारत से लेकर नेपाल तक देवप्रयाग स्थित भगवान रघुनाथ की अलग मान्यता है। भगवान बदरी विशाल की मूर्ति की भांति भगवान रघुनाथ की मूर्ति को कोई स्पर्श नहीं कर सकता। दक्षिण भारत के तीर्थपुरोहित विनोद पंडित ने कहा कि कहा कि जीयर मठ के स्वामी का मूर्ति स्पर्श करने का हठ उचित नहीं है। उन्हें पुरातन समय से चली आ रही धार्मिक परंपराओं के सम्मान करने की बात कही है। पुजारी और तीर्थ पुरोहितों के कड़े विरोध के बाद जीयर स्वामी मठ प्रमुख को अपना हठ छोड़ वापस लौटना पड़ा। पुलिस के आला अधिकारी भी मठ प्रमुख के साथ मौके पर मौजूद थे।

## भटोली गांव में पिंजरें में कैद हुआ गुलदार

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर-बुघाणी मार्ग पर देवलगढ़ के समीप भटोली गांव में गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गत 25 सितंबर को गांव में शाम के समय बरामदे में पढ़ाई कर रहे एक सात वर्षीय ब'चे पर गुलदार ने हमला कर दिया था। पास ही बैठी उसकी 10 वर्षीय बहन ने गुलदार की ओर मेज गिराकर व छोटे भाई को अपनी ओर खींचकर किसी तरह उसे बचाया था। तब से गांव में गुलदार का भय बना हुआ था। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने तीन दिन पहले गांव में पिंजरा लगाया था। रविवार रात को करीब साढ़े नौ बजे गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। गांव में तैनात वन विभाग के कर्मियों ने अपने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को रेंज कार्यालय पौड़ी पहुंचाया। वन दरोगा जगदीश सिंह नेगी ने बताया कि गुलदार की उम्र करीब 10 वर्ष है। कहा डॉक्टरों ने गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इधर गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों को गुलदार के भय से निजात मिली है। दूसरी ओर बिलकेदार नकोट में भी दो गुलदार सक्रिय देखे जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दो गुलदार एक आवासीय भवन से लगे खाली जमीन पर घूमते दिखाई दिए। जिसमें से एक गुलदार ने गाय के बछड़े पर हमला भी किया। इस घटना के प्रकाश में आने से नकोट बिलकेदार में भी गुलदार का भय व्याप्त हो गया है।

## 8 अक्तूबर से श्रीनगर में मिस एंड मिस्टर प्रतियोगिता के ऑडिशन

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर अदिति स्मृति न्यास में 8 अक्तूबर को मिस, मिसिस एवं मिस्टर मॉडलिंग प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन होंगे। प्रतियोगिता की आयोजक और मिसेज गढ़वाल 2021 नीलम ढौंडियाल ने बताया कि ऑडिशन 10 बजे से शुरू होंगे। कहा ऑडिशन में सफल रहने वाले प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग करने से पहले चार दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ग्रैंड फिनाले नवंबर में होगा। नीलम ढौंडियाल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्तराखंड के सांस्कृति परिधानों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 16 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियां भाग ले सकती हैं।

## धारी देवी मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। जिला प्रशासन पौड़ी के निर्देशा पर स्व'छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड पेयजल निगम के श्रीनगर स्थित तीनों शाखाओं में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर के पैदल मार्ग में व्यापक रूप से स्व'छता अभियान चलाकर करीब दो कुंतल सूखा कचरा एकत्रित किया गया। साथ ही पेयजल निगम द्वारा मन्दिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को भी स्व'छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में अभियान में परियोजना प्रबंधक इं. रविंद्र सिंह, सहायक अभियंता जगदीश सिंह, अजय कुमार गुरुंग, शेखर जोशी आदि मौजूद रहे। वहीं मेरा गांव-स्व'छ गांव अभियान के संयोजक इं. भवान सिंह रावत ने मां धारी देवी मंदिर परिसर से संकल्प स्व'छता का मुहिम को शुरू करते हुए मंदिर में पहुंचे भक्तों को स्व'छता का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विरेन्द्र, अंकित, जसवीर, सिद्धार्थ, सुनील, बबलू एवं मंदिर समिति की ओर से प्रतिभाग किया गया।

## बहलालाकर नाबालिग को युवक और उसकी मौसी ले गए

काशीपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक और उसकी मौसी पर नाबालिग पुत्री को बहलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक और उसकी मौसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभु विहार कॉलोनी निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 26 सितंबर को स्कूल जाने के लिए कहकर घर से निकली थी। आरोप है कि रास्ते में कचनालगाजी निवासी अजीत पुत्र बलदेव सिंह उसे बहलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। उसकी पुत्री को ले जाने में अजीत की मौसी राजवीर कौर भी शामिल है। 28 सितंबर की शाम आरोपी महिला उसके घर आई और बोली कि वह तेरी लडक़ी को ला देगी, लेकिन तुम कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करोगे। उसके बावजूद अभी तक उसकी पुत्री नहीं आई है। अब आरोपी नाबालिग पुत्री की शादी अजीत से कराकर दहेज में दो प्लॉट और नकदी की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लाइन टूटने से तीन हजार की आबादी रही परेशान

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में खडख़ड़ी रेलवे फाटक के पास बिजली लाइन टूटने से करीब तीन हजार की आबादी परेशान रही। इस दौरान नई बस्ती के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के एसडीओ कमल राज नेगी ने बताया की टूटी तार की मरम्मत के बाद बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई थी।

### सपा नेताओं ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

हरिद्वार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से समाजवादी पार्टी के हरिद्वार प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में औपचारिक भेंट की। इस दौरान हरिद्वार के तमाम विषयों और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा हुई और उन्हें केदारनाथ मंदिर में आने का न्योता भी दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि वह हरिद्वार और केदारनाथ आएंगे। मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव को भी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड में संगठन मजबूत करने और यहां आने न्योता दिया। इस अवसर पर यूपी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने भी संगठन को मजबूत करने का दिशा निर्देश प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस अवसर पर हरिद्वार के समाजवादी नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र पाराशर, कपिल शर्मा जौनसारी, महंत शुभम गिरी मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

हरिद्वार। पदार्था गांव स्थित रविदास मंदिर के निकट लक्सर-हरिद्वार मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ (19) पुत्र स्व. अनिल, निवासी रंजीतपुर लक्सर बाइक से धनपुरा से लक्सर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह पदार्था स्थित रविदास मंदिर के निकट लक्सर-हरिद्वार मार्ग पर पहुचा तो एक गा?ी को ओवरटेक करने लगा। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक जावेद (20) पुत्र मुनसब निवासी धनपुरा की उनसे आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक सवार स?क पर जा गिरे जिन्हें राहगीरों ने उठाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने सिद्धार्थ को मृत घोषित कर दिया। जबकि जावेद अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवाया। चौकी प्रभारी फेरुपुर अशोक रावत ने बताया बाइकों की आमने सामने की टक्कर हुई है। एक युवक की मौत हो गई और एक घायल है। बाइकों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

### धोखधड़ी से बेच दी वक्फ बोर्ड की संपत्ति

हरिद्वार। वक्फ बोर्ड की संपत्ति धोखाधड़ी से बेचने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि धोखाधड़ी के बाद सदमे से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। तीनों आरोपियों ने कर्मचारी की पत्नी से गाली गलौल कर हत्या करने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में ईदगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष शमीम अहमद और उसके दो साथियों द्वारा मिलकर एक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बेचकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक लोधामंडी निवासी फातिमा पत्नी स्व. इंतजार अहमद ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि पति इंतजार की नौकरी सीएमओ कार्यालय में लगने के बाद कैराना जिला शामली से परिवार ज्वालापुर लोधामंडी आकर शाहिद हुसैन के घर किराये पर रहने लगा। पति मकान की तलाश में थे। इस दौरान मकान मालिक शाहिद हुसैन ने अपने चाचा मोहम्मद शमीम से पति इंतजार को मिलवाया। आरोप है कि साजिश कर पूर्व में तैयार फर्जी कागज पति को दिखाते हुए 30 जुलाई 2005 को एक प्लॉट का बैनामा 2.40 लाख में शमीम ने पति को कर दिया। चाचा और भतीजे ने प्लॉट अपनी निजी संपत्ति बताते हुए बेच दिया। सात फरवरी 2022 को पति के नाम वक्फ बोर्ड देहरादून से नोटिस आया। नोटिस मिलने पर मालूम हुआ कि शमीम अहमद और शाहिद हुसैन ने धोखाधड़ी से वक्फ बोर्ड के सीईओ के नाम से फर्जी पत्र तैयार कर वक्फ बोर्ड की संपत्ति का बैनामा पति को किया है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति को ठिकाने लगाने के लिए कई दफा प्लॉट का बैनामा किया गया। आरोप है कि धोखाधड़ी का पता चलने के बाद सदमे में 10 फरवरी 2022 को इंतजार की मौत हो गई। आरोप है की बात करने पर शाहिद, शमीम और पुत्र नदीम ने गाली गलौज करते हुए धमकी दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच चल रही है।

### पथरी में विधायक ने किया स ?कों शुभारंभ

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव पंजनहे?ी, मिस्सरपुर सहित अन्य कई गांव में हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने रविवार को राज्य योजना के अंतर्गत एक करो? 35 लाख 99 हजार रुपये की लागत से बनाने वाली स?कों का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से वार्ता कर समस्याओं को सुना और उनका जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक ने गांव मिस्सरपुर, पंजनहे?ी, ज्यापोता, भुवापुर, धारीवाल व हर्षीवाला में टूटी स?कों को बनवाने का प्रस्ताव भेजा था। स?कें इंटरलॉकिंग टाइल द्वारा बनवाई जानी है। स?क के शुभारंभ के बाद विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान नाथीराम चौहान, सुनील चौहान, रवि कुमार, डॉ. बिजेंद्र, नाग सिंह, विनोद कश्यप, कुलदीप चौहान, अभिषेक चौहान, रघु प्रधान, आदित्य चौहान, सचिन चौहान, अभिनन्दन चौहान, ललित, लाखन सिंह, तबरेज आलम आदि उपस्थित रहे।

### हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर पांच घंटे जाम लगा

हरिद्वार। हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर देर रात ट्रक खराब होने से लम्बा जाम लग गया। हाईवे पर देर रात करीब दो बजे रसियाब? के पास पांच किमी लम्बा जाम लग गया। सैक?ों वाहन जाम में फंसे रहे। लगभग पांच घंटे तक यात्री जाम में फंसे रहे। मरीज को मुरादाबाद ले जा रही एम्बुलेंस भी दो घंटे तक जाम में फंसी रही। हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के किनारे यातायात संचालन को सिंगल ट्रैक स?क बनाई गई है, लेकिन यातायात का दबाव अधिक होने के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। रविवार को वनवे स?क पर ट्रक खराब होने के कारण गैंडीखाता से पीली नदी तक पांच किमी जाम लग गया। रात दो बजे लगा जाम रविवार सुबह सात बजे तक पुलिस ने क?ी मशक्कत के बाद खुलवाया। जाम में मरीज को मुरादाबाद ले जा रही एंबुलेंस भी दो घंटे तक फंसी रही। चंडीगढ़ निवासी जोगेंद्र सिंह काशीपुर से अपने परिवार के साथ लौट रहे थे जाम में फंसे रहे।

# वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की

पौड़ी। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस मौके पर ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्ध आश्रम मलेठी व आशियाना वृद्ध आश्रम जयहरीखाल में 47 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विभाग की ओर से वृद्धजनों के मधुमेह, बीपी, नाक, कान व मूंह आदि की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर चिकित्साकों ने वृद्धजनों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और स्वास्थ्य देखभाल की जानकारियां दी । इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों को तकिया, पंखे, थरमस, जूस, फल आदि वितरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एकेश्वर डॉ. आरती बहल, डॉ. शशांक उनियाल, स्वेता गुसाईं, पुष्पेंद्र राणा, श्वेता गुसाईं मौजूद रहे।

# पाबौ के ढौरखोली और पीपलधार गांव का आयुष्मान ग्राम के लिए चयन

पौड़ी। आयुष्मान भव अभियान के तहत जिले के अलग-अलग स्थान पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 144 हैल्थ एंड वैलनेश सेंटर के साथ ही 49 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से 18&2 लोगों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर जांच, टी.बी. हाइपरटेंशन, डेगूं, मलेरिया, कुष्ठ रोग आदि की जांच के साथ ही दवाइयों का वितरण किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश कुंवर ने बताया कि हेल्थ मेले के दौरान लाभार्थियों की आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान भव अभियान के तहत शत-प्रतिशत लोगों की आभा आईडी बनाने के लिए जिले जनपद स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद में तैनात समस्त एएनएम, आशा कार्यकर्ती, आरबीएसके टीम, और सीएचओ द्वारा लोगों का आभा पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित 5 इन्डिकेटर को पूरा कर पाबौ से ग्राम ढौरखोली व पीपलधार का आयुष्मान ग्राम के लिए चयन किया गया है। बताया कि साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से जिले में लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ ही शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड आभा व आईडी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# बलात्कार से बिक्री तक

महाकाल ज्योतिर्लिंग, महादेव और मंदिरों के शहर उज्जैन में 12 वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ न केवल क्रूर बलात्कार किया गया, बल्कि उसे घायल कर लावारिस छोड़ दिया गया। उस बच्ची की रक्षा करने न तो कोई दैवीय करिश्मा हुआ और न ही किसी नागरिक ने उसकी पीड़ा साझा कर मदद करने की कोशिश की। उसे अस्पताल तक पहुंचाने की इनसानियत भी नदारद रही। बच्ची रोती-बिलखती, दर-दर गुहार करती रही, लेकिन उस कथित पवित्र शहर का असली चेहरा लगातार बेनकाब होता रहा। इतनी बेरुखी, संवेदनहीनता, तटस्थता सामने आती रही कि एक जिंदगी मर रही है, लेकिन घरों के दरवाजे बंद हैं! यही घोर कलियुग है। यह हमारे समाज और देश में हररोज घट रहा है। हररोज बलात्कार और सामूहिक दुष्कर्म, हत्या अथवा जला देने के जो औसत, दर्ज आंकड़े सामने आते रहे हैं, वे बेहद कम हैं। यह दरिंदगी, हवस और पाशविकता हम राजधानी दिल्ली में भी देखते रहे हैं। अभी हाल ही में 'आज तक' ने छिपे कैमरे से एक ऑपरेशन किया। मन-मस्तिष्क चीत्कार कर उठा। बेटियां अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। मामा, चाचा, मौसी आदि परिजन ही घर की बेटियां बेच रहे हैं। लाखों रुपए में बेटियों-बहनों की सौदेबाजी की जा रही है। हलफनामे भरे जा रहे हैं। ग्राहकों को तसल्ली दी जा रही है कि आप लड़कियों के साथ कुछ भी कर सकते हो! भारत के भीतर का एक और भारत यह भी है। एक रपट ने खुलासा किया है कि करीब 13 लाख बेटियां, बहनें, माताएं और देश की महिलाएं गायब हैं, लापता हैं। वे स्त्रियां कहां गईं? कैसे लापता हुईं? पुलिस-व्यवस्था ने क्या किया? उन्हें कौन 'दरिंदे' लूट गए? क्या वे भारत की नारियां 'वेश्यालय' तक पहुंचा दी गई हैं अथवा विदेशों में तस्करी की गई हैं? बेहद झकझोर देने वाले सवाल हैं। किसी देश की 13 लाख कन्याएं और महिलाएं लापता हो जाएं और यह मुद्दा संसद में न उठे, इससे बड़ी हैरानी और संवेदनहीनता क्या होगी? संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण अब एक कानून बन चुका है। राष्ट्रपति हस्ताक्षर कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे चुनावी मुद्दा बना दिया है और महिलाओं का व्यापक समर्थन हासिल करने को व्यग्र हैं। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के वाहन के चारों ओर महिलाओं का घेरा बनाया जाने लगा है। स्पष्ट अर्थ है कि प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा को महिलाओं का समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया जा चुका है, लेकिन प्रधानमंत्री से हमने आज तक इस सरोकार के शब्द तक नहीं सुने कि 13 लाख स्त्रियां क्यों, कहां गायब कर दी गईं? वे सभी देश की सम्मानित नागरिक हैं, आधी-शक्ति की प्रतीक हैं और कई लाख तो मतदाता भी होंगी! वह देश के प्रधानमंत्री हैं, सभी संसाधन, स्रोत और शक्तियां उन्हें संविधान ने प्रदान की हैं। जिस देवनगरी में नाबालिग की इज्जत तार-तार की गई थी, वह मध्यप्रदेश का ही एक शहर है, जहां भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री उस राज्य में वोट मांग रहे हैं, सत्ता को बरकरार रखने के प्रयास और प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तलब कर पूछा क्यों नहीं कि महादेव के शहर में ऐसा क्यों हुआ? आज मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला आया है, जिसमें तमिलनाडु के 215 अफसरों, कर्मचारियों को पुनः दंडित किया गया है। 1992 में वाचथी गांव में 18 महिलाओं के साथ दरिंदगी की हदें पार की गईं। 32 साल बाद फैसला आया है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# आठ छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे दमखम

पौड़ी। जिले के विभिन्न स्कूलों के आठ छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय पर आयोजित होने वाली टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में हुई रा'य स्तरीय टेबल टैनिस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर इन खिलाडयिों का चयन हुआ। व्यायाम शिक्षक व टीम मैनेजर प्रमोद सिंह नेगी ने बताया कि बीते 27 से 29 सितंबर तक गोपेश्वर में रा'य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जनपद के 8 बालक बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बताया कि अधिकतर छात्र-छात्राएं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। जिसमें राउमावि कड़ईखाल, इंटर कालेज परसुंडाखाल, इंटर कालेज केवर्स से हैं। उन्होने बताया कि सीनियर बालक वर्ग में आशीष, प्रियांशू, पवन, कनिष तथा सीनियर बालिका वर्ग में विनीता, जूनियर वर्ग में खुशबू, सब जूनियर बालक वर्ग में अनमोल, ऋष्भ का चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, खेल समन्वयक योगंबर नेगी, प्रधानाचार्य उमेश चंद्र बिष्ट, मदन मोहन नौडियाल आदि ने प्रसंन्नता जाहिर की है।

# हरकी पैड़ी पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिद्वार। स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान के तहत हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के नेतृत्व में हरकी पैड़ी के निकट मालवीय घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं, जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने भेल के सेक्टर एक स्थित गांधी पार्क में अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। निशंक ने कहा कि स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान शहर, गांव, बस्ती, गलियों में सभी जगह शुरू किया गया है। हरिद्वार हरकी पैड़ी अध्यात्म की राजधानी है। जहां रोजाना लाखों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। इस स्थान पर इस अभियान को शुरू कर स्वच्छता का संदेश देश ही नहीं पूरे विश्व में देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थता और स्वच्छता दोनों एक दूसरे के पहलू हैं, जहां स्वच्छता होगी वहीं स्वस्थता होगी। निशंक ने कहा कि गंदगी चाहे विचारों की हो या कूड़े की दोनों ही समाज के लिए हानिकारक है। इन सबको दूर करने के लिए हमारा यह प्रयास निरतंर जारी रहेगा। निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद करोड़ों लोग इस अभियान में जुड़े चुके हैं। इस दौरान एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल, नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती, एसडीएम अजयबीर, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनामिका शर्मा, उज्ज्वल पंडित, भाजपा के जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, उपाध्यक्ष लव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बास्केटबॉल में डीपीएस और आचार्य कुलम बने चैंपियन

हरिद्वार। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि अंडर 18 जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच डीपीएस रानीपुर और सेंट मैरी स्कूल के बीच खेला गया। दोनों के बीच हुए कड़े मुकाबले के बाद डीपीएस रानीपुर ट्रॉफी जीतकर डिर्स्ट्रिक्ट चैंपियन बना। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला आचार्य कुलम और केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले के बाद आचार्य कुलम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। डीपीएस रानीपुर और सेंट मैरी स्कूल के बीच खेले गए मुकाबले के परिणाम 56-45 रहा। जबकि बालिका वर्ग का फाइनल आचार्य कुलम और केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### लोनिवि मंत्री को ज्ञापन देकर मार्ग के डामरीकरण की मांग की

विकासनगर। भाजपा क्वांसी मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने रविवार को प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज से उनके नीजी आवास पर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। बचना शर्मा के द्वारा प्रेषित ज्ञापन में बताया है कि ग्रामसभा गोठाड़ की सडक़ को बने सात साल हो चुके है। बताया जिसकी जगह-जगह से पेंटिंग उखड रखी है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और ग्रामीणों को आवगमन करने भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है। बताया सडक़ पर जगह-जगह पर गड्ढे भी बन रखे है, जो आए दिन लोगों को जख्म दे रहे है। बताया जिसकी मरम्मत की ग्रामीण बड़े लंबे समय से मांग कर रहे है। बावजूद इसके अभीतक इसका निर्माण नहीं किया गया है। जिसको लेकर बचना शर्मा ने लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज से उनके देहरादून आवास पर मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सडक़ मरम्मत कि मांग की है। इस दौरान ओमप्रकाश, जयपाल सिंह, जगत सिंह, गोपाल, श्याम सिंह, प्रकाश, सरदार सिंह, महीपाल सिंह, संजय डोभाल, रमेश आदि शामिल रहे।

### कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव की तेयारियों में जुटें

विकासनगर। लाखामंडल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत रविवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह राणा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनके साथ आगामी कार्यक्रमों के लेकर चर्चा भी की गई। मंडल प्रवासी के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता गीताराम गौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव नजदीक है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। कहा बूथ अध्यक्षों का लक्ष्य होना चाहिए कि वह अपने-अपने बूथ को मजबूत कर चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करा कर पार्टी को बढ़त दिलाने काम करें। कहा जिसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में बताना होगा। कहा ताकि लोगों को पता चल सकें की सरकार ने जनता के लिए कितने कार्य किये हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि सभी लोकसभा चुनाव के तैयारियों में जुट जाएं। ताकि केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पुनः बन सकें। इस दौरान प्रीतम सिंह, विजय सिंह, राजेंद्र थपलियाल, रोशनी चौहान, दीपक, मुकेश पंवार, हरीश शर्मा, निशा शर्मा, दीपक कुमार, जयपाल, मातबर सिंह, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव की तयारियों में जुटें

विकासनगर। लाखामंडल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत रविवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह राणा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनके साथ आगामी कार्यक्रमों के लेकर चर्चा भी की गई। मंडल प्रवासी के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता गीताराम गौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव नजदीक है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। कहा बूथ अध्यक्षों का लक्ष्य होना चाहिए कि वह अपने-अपने बूथ को मजबूत कर चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करा कर पार्टी को बढ़त दिलाने काम करें। कहा जिसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में बताना होगा। कहा ताकि लोगों को पता चल सकें की सरकार ने जनता के लिए कितने कार्य किये हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि सभी लोकसभा चुनाव के तैयारियों में जुट जाएं। ताकि केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पुनः बन सकें। इस दौरान प्रीतम सिंह, विजय सिंह, राजेंद्र थपलियाल, रोशनी चौहान, दीपक, मुकेश पंवार, हरीश शर्मा, निशा शर्मा, दीपक कुमार, जयपाल, मातबर सिंह, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### शहर से लेकर गांवों को गंदगी मुक्त करने निकले स्वच्छता के सिपाही

विकासनगर। पछुवादून को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आम और खास हर कोई घर से बाहर निकल कर स्वच्छता अभियान में जुटा रहा। खास बात यह रही कि यह अभियान औपचारिकता मात्र न होकर बड़े पैमाने पर सफल भी हुआ। करीब एक घंटे तक गांव, देहात और शहरों में स्थानीय बाशिंदों ने स्वच्छता अभियान चलाया, जिसके बाद सडक़ें, गलियां, सार्वजनिक स्थल, पार्क सब गंदगी से मुक्त दिखाई दिए। 'ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के... की तर्ज पर लोग झाड़ू और अन्य सामान के साथ क्षेत्र को स्वच्छ बनाने निकल पड़े। विकासनगर नगर पालिका क्षेत्र में विधायक मुन्ना चौहान के नेतृत्व में नगर पालिका कर्मचारी और आम जनता ने सडक़ों और गलियों को साफ किया। पश्चिमवाला रोड पर पसरी गंदगी को साफ करते हुए विधायक ने स्थानीय लोगों को कूड़ा सडक़ पर फैंकने के बजाय उसका विधिवत निस्तारण करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि अपने वार्ड को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। दूसरी ओर सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने ग्राम पंचायत नौगांव, मांडूवाला, सुद्धोवाला में स्व्च्छता अभियान चलाया। नौगांव मांडूवाला में मुख्य मार्ग पर जंगल किनारे विधायक के साथ कर्मा वेलफेयर सोसायटी, तिब्बतन समुदाय के सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर साफ सफाई की। विधायक ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश, प्रदेशवासियों ने स्वच्छता को शिष्टाचार से आत्मीकरण किया है। कहा कि प्रधानमंत्री का स्वच्छता ही सेवा का स्वप्न आज एक जन आंदोलन बन गया है। देश की जनता बढ़-चढक़र इसमें सक्रिय भागीदारी निभा रही है। हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्र में पालिकाध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट समेत सभी सभासद, कर्मचारियों ने पूरे शहर की जनता के साथ मिलकर देहरादून रोड, सहारनपुर रोड, पांवटा रोड, विकासनगर रोड समेत आवासीय कालोनियों में सफाई की। सेलाकुई में अधिशासी अधिकारी मिठ्न लाल शाह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### हरिद्वार में तीन से 11 अक्तूबर तक पावर कट

हरिद्वार। हरिद्वार के ज्वालापुर डिवीजन की द्वितीय सबडिवीजन में तीन अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक ऊर्जा निगम बिजली की कटौती करेगा। कटौती सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगी। छह और आठ अक्तूबर को बिजली की कटौती नहीं की जाएगी। कटौती के दौरान ऊर्जा निगम ने लोगों से बिजली-पानी की वैकल्पिक व्यवस्था खुद करने का अनुरोध किया है। ज्वालापुर की द्वितीय सबडिवीजन के 33/11 केवी उपसंस्थान में उपकरण बदलने का कार्य किया जाना है। इस कारण क्षेत्र में सात घंटे की बिजली कटौती ऊर्जा निगम सात दिन तक करेगा। अहबाबनगर फीडर, कड़च्छ फीडर और ज्वालापुर फीडर पर कार्य किया जाएगा। मेंटिनेंस कार्यों के कारण अहबाबनगर, कटहरा बाजार, कैथवाड़ा, मंडी का कुआं, विष्णु लोक कॉलोनी, तेलियान, कोटरावान, कड़च्छ, आंबेडकर नगर, लोधामंडी, धीरवाली, चकलाना, लक्कड़हारान, क्षेत्र की आबादी प्रभावित रहेगी।

# श्रमदान कर बापू को दी श्रद्धांजलि दी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। गांधी जयंती की पूर्व बेला पर एक तारीख, एक घंटा, एक साथ मिलकर जनपद चमोली में जिला प्रशासन द्वारा स्व'छता के नाम श्रमदान कर वृहद सफाई अभियान चलाया। नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान एवं अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने स्व'छता की शपथ दिलाते हुए बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर से स्व'छता श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बालिका इंटर कॉलेज के पैदल मार्ग से लेकर गोपेश्वर-मंडल राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृहद सफाई करते हुए प्लास्टिक कूड़े कचरे को एकत्रित किया गया। जैविक और अजैविक कचरे को अलग-अलग थैलियों में भरकर नगर पालिका के कूडा वाहनों से कूड़ा निष्पादन केंद्र भेजा गया। स्कूली छात्र-छात्राओं , एनसीसी कैडेट , एनएसएस ने विशाल स्व'छता जागरूकता रैली निकाली और आम जनता को कूड़े का सोर्स सेग्रीगेशन एवं कूड़ा प्रबंधन को लेकर जागरूक किया। इस दौरान स्व'छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया। स्व'छता श्रमदान कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव शर्मा, एसीएमओ डॉ एमएस खाती, परियोजना निदेशक आनंद सिंह समेत तमाम जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्मिक, गोपेश्वर नगर पालिका के पर्यावरण मित्र, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।




## पूरा दिन जाम से बेहाल रहे लोग

ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को जाम ने लोगों को बेहाल कर दिया। हरिद्वार-ऋषिकेश-श्रीनगर हाईवे पर दिनभर वाहनों का जाम लगता रहा। इससे पर्यटकों को भी खासी परेशानी झेलनी प?ी। हाईवे में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। वाहनों का दबाव बढने से दोपहर से पहले ही क्षेत्र की सभी पार्किंग भी फुल हो गई। मजबूरी में पर्यटक हाईवे के किनारे ही वाहन खड़ा करने लगे। इससे जाम की समस्या और बढ़ती नजर आई। चारधाम यात्रा में तेजी एवं वीकेंड के चलते वाहनों का दबाव ज्यादा रहा।

यात्रा सीजन और रविवार एवं सोमवार को अवकाश के चलते बड़ी संख्या में पर्यटकों ने ऋषिकेश का रुख किया। नेपालीफार्म से लेकर शिवपुरी तक वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। ड्ढषश्यामपुर रेलवे फाटक, रामझूला, तपोवन, ब्रह्मपुरी में हाईवे पर घंटों जाम लगा रहा। यही स्थिति शहर के अंदर विभिन्न मार्गों पर भी रही। सभी जगह वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। पूरे दिन जाम में लोग फंसते रहे। इससे चंद मिनटों की दूरी घंटों में पूरी हुई। सबसे खराब हालात मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के रामझूला से ब्रह्मपुरी के बीच रहे। यहां बीती शनिवार रात्रि 11 बजे तक लोग जाम से जूझते रहे। रविवार को भी यहां दिनभर जाम लगता रहा। इसका मुख्य कारण तपोवन बाजार में हाईवे के दोनों तरफ बेतरतीव वाहन पार्क करना रहा। ऋषिकेश से देवप्रयाग के बीच दिनभर हाईवे पर चलने वाले भारी मालवाहक वाहन भी जाम का कारण बन रहे।

> तपोवन क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात दिलाने को पुलिस को तैनात किया जायेगा। इसके लिये प्लान भी तैयार किया गया है। ट्रैफिक पुलिस के साथ मुनिकीरेती थाना पुलिस को भी वीकेंड पर जाम से निपटने को तैनात किया जायेगा। वीकेंड पर चारधाम एवं पर्यटक वाहनों की संख्या अचानक बढने से जाम की दिक्कत आई है। जाम से निपटने में लापरवाही बरतने पर चौकी या थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
>
> **-नवनीत भुल्लर, एसएसपी टिहरी।**

**ये भी है जाम का कारण**

ऋषिकेश। रामझूला पुल से ब्रह्मपुरी के बीच जाम लगने का एक कारण एआरटीओ और पुलिस चेकपोस्ट का होना भी है। यहां वाहनों को रोककर चेकिंग की जाती है। इससे वाहनों का जाम लग जाता है। दिक्कत यह है कि चेकिंग के दौरान वाहन चालक बीच सडक़ में ही वाहन खड़ा कर देता है। इससे दोनों और से आने जाने वाले वाहन भी फंस जाते है। उधर, अक्तूबर में चारधाम यात्री वाहनों की संख्या तेजी से बढने लगती है। वीकेंड पर पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। इससे लोग जाम से जूझते है। तपोवन बाजार से पहले पडने वाले तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है। लेकिन बाजार एवं ब्रह्मपुरी के बीच ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात नहीं होती है।

## एनडीएस ने जीता उद्घाटन मुकाबला

ऋषिकेश। निर्मल दीपमाला पब्लिक स्कूल में रविवार को तीन दिवसीय सीबीएसई सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसके उद्घाटन मुकाबले में एनडीएस पब्लिक स्कूल ने रेडियंट पब्लिक स्कूल की टीम को 7-1 से हराया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डा. एसएन सूरी ने फुटबाल पर किक मारकर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है।

प्रधानाचार्या ललिता कृष्णा स्वामी ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर खेल गतिविधियां करवाई जाती हैं। बच्चों के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बहुत जरूरी हैं। प्रतियोगिता का दूसरा मैच रेड फोर्ट स्कूल और रिवर वैली स्कूल के बीच हुआ। इसमें रिवर वैली की टीम 6-0 से विजेता बनी। अंडर-18 वर्ग में एनडीएस एवं साईं बाबा इंटरनेशनल स्कूल के बीच मुकाबला हुआ। इसमें एनडीएस 9-2 से विजयी रही। चौथा मुकाबला होराइजन पब्लिक स्कूल एवं रेडिएंट पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। इसमें होराइजन स्कूल की टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की।

## पेराई सत्र के लिए 20 नवंबर तक तैयार हो जाएगी चीनी मिल

डोईवाला। डोईवाला चीनी मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि 20 नवंबर तक चीनी मिल पेराई सत्र के लिए तैयार हो जाएगी। उन्होंने मिल कर्मचारियों को पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने को कहा।

रविवार को डोईवाला चीनी मिल के ईडी दिनेश प्रताप सिंह चौहान ने मिल कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने मिल कर्मचारियों से उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि वह पूरे मनोयोग से मिल को आगामी पेराई सत्र के लिए तैयार करें। पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। सभी कर्मचारी अपने दायित्व और कार्यों को सही तरीके से करें और मिल को घाटे से उबारने में सहयोग करें। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने मिल में पूरी कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान मिल परिसर में अधिशासी निदेशक के साथ कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

## सनातन धर्म की जननी है गौ माता : आचार्य जोशी

विकासनगर। श्री महासू गौ सेवा सहयोग समिति के तत्वावधान में रविवार को लांगा पोखरी में पांच दिवसीय गौ कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया। इस मौके पर ठाणा टुंगरा और रिखा? की महिलाओं ने पारम्परिक जौनसारी वेशभूषा में लांघा पोखरी से लेकर पुरो?ी तक कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम में आश्रम पद्धति विद्यालय की बालिकाएं भी शामिल हुईं।

रविवार प्रातः गौ कथा के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय लांगा पोखरी की बालिकाओं के द्वारा यात्रा का रूप भव्य और दिव्य बनाया गया। कलश यात्रा के पश्चात कलश स्थापना कर भूमि पूजन कर गाय की रक्षा का संकल्प लिया गया।सांयकालीन मंगल बेला में व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक आचार्य विपिन जोशी द्वारा गौ महिमा का वर्णन किया गया। कथा वाचक ने गौ की व्याख्या कर बड़े सुंदर भाव से भक्त जनमानस को गौ की महिमा को बताया कि गौ सनातन धर्म की जननी है। कलयुग में गौ सेवा करने से ही मनुष्य का कल्याण निश्चित है। गौ को साधन नहीं साध्य समझें। बिना गौ माता के हमारे सनातन धर्म में किसी भी देवी देवता का मांगलिक कार्य पूजन कर्म बिना गौ के संभव नहीं है। इस अवसर पर आचार्य विवेक शरण शास्त्री, वेदपाठी संजय जोशी,आचार्य बृजेश जोशी, आचार्य संजय जोशी,पंडित भीम दत्त डोभाल, पंडित उमादत्त उनियाल, पंडित सुरेश उनियाल, सालक राम जोशी, भाव सिह रावत, प्रीतम भारती, विजय राणा, दिनेश चौहान, यशपाल चौहान ,सुरेंद्र भारती, सहित लांगापोखरी, ठाना, टुंगरा, रिखा? गांव के गौ भक्त मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका का जताया आभार

डोईवाला । अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ की बैठक में पदाधिकारियों ने बोर्ड मीटिंग में सफाई कर्मचारियों के लिए पेश किए प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर आभार जताया है। रविवार को बैठक में पहुंचे संघ के राष्ट्रीय महासचिव विशाल बिरला, प्रदेश प्रधान सुनील राजोरिया, ग?वाल मंडल उपाध्यक्ष प्रिंस लोहट और समीर आर्य का स्वागत किया गया। डोईवाला शाखा के प्रभारी राजेश मंचल ने बताया कि यूनियन द्वारा नगर पालिका की बोर्ड मीटिंग में चार प्रस्ताव रखे गए थे। इनमें से तीन प्रस्ताव मंजूर किये गए। इनमें कर्मचारी का एक्सीडेंट होने पर 21 हजार और मृत्यु होने पर शव दाह संस्कार आदि के लिए 51 हजार की आर्थिक मदद पर सहमति बनी है। भगवान वाल्मीकि जयन्ती मनाने के लिए 21 हजार की राशि देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। इन प्रस्तावों को मंजूर करने पर सभी सफाई कर्मचारियों ने खुशी जताई। राष्ट्रीय महासचिव विशाल बिरला ने कहा कि 8 अक्तूबर को देहरादून में सफाई मजदूर संघ द्वारा एक विशाल सम्मेलन किया जा रहा है। इसमें उत्तराखंड के हर जिले की शाखाओं के कार्यकर्ता पहुचेंगे। उन्होंने डोईवाला शाखा के समस्त कर्मचारियों से इस सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर डोईवाला शाखा संरक्षक सुरेंद्र मंचल, प्रधान राजू लोट, कार्यकारी प्रधान वीरू गोडियाल, सूरज बहोत, रोहित ढिंगिया, विजेंदर कुमार, सुरेखा देवी, अर्जुन, राजेश बहोत, नीरज राजोरिया, नरेश कुमार, सचिन टांक आदि मौजूद रहे।

### गंगा में स्नान करते वक्त बहा दिल्ली का युवक

ऋषिकेश। तीन साथियों के साथ ऋषिकेश घूमने पहुंचा दिल्ली का युवक गंगा में स्नान करते वक्त बह गया। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने गंगा में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने युवक के परिजनों को अवगत कराया दिया है। लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक दिल्ली स्थित ओखला निवासी 30 वर्षीय ललित शर्मा 30 सितंबर को तीन दोस्तों के साथ ऋषिकेश पहुंचा था। रविवार को वह साथियों के साथ स्वर्गाश्रम घूमने निकल गया। दोपहर करीब 12 बजे रामझूला पुल के पास गंगा तट पर स्नान करते हुए अचानक वह तेज प्रवाह की चपेट में आ गया। देखते ही देखते ललित आंखों से ओझल हो गया। साथियों ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी, इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि घटनास्थल से कई किलोमीटर आगे तक गंगा में ललित को तलाश किया गया। गोतोखारों ने भी गंगा में उसकी की खोजबीन की, मगर देर शाम तक ललित को कोई सुराग नहीं लग पाया है। थानाध्यक्ष विनोद गुसाईं ने बताया कि घटना के बारे में ललित के परिजनों को सूचना दे दी गई है। सोमवार को फिर से गंगा में उसकी तलाश को सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

### हादसे में दो तीर्थयात्रियों की मौत

ऋषिकेश। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर ब्रह्मपुरी के समीप एक बस और कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार दो तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। जबकि चालक समेत सात यात्री जख्मी हो गए। घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह करीब छह बजे बदरीनाथ हाईवे पर केदारनाथ से लौट रही यात्रियों से भरी कार ब्रह्मपुरी के पास सामने से आ रही निजी परिवहन कंपनी की बस से टकरा गई। सूचना पर फौरन पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को आपातकालीन 108 सेवा से सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। गंभीर चोटें लगने की वजह से पिंकी (22) पुत्री सोतु दास निवासी दुर्गापुर प्लेन, जिला सिप्ला, कोलकाता ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि, सोमनाथ (27) निवासी पश्चिम बंगाल की मौत एम्स में हुई। थानाध्यक्ष रितेश शाह ने बताया कि घायलों की पहचान सोतु दास (42) पुत्र तपन दास, उनकी 15 वर्षीय बेटी सिया दास, सोमादास (44) पत्नी सोनतदास सभी निवासी दुर्गापुर प्लेन, जिला सिप्ला, कोलकाता, शोबिक शाह (29) पुत्र उमेश शाह, साबिक दास (42) दोनों निवासी पश्चिम बंगाल, अभिषेक पांडे (24) पुत्र प्रमोद निवासी मध्यप्रदेश और चालक लक्ष्मण कुमार (36) पुत्र बेनी निवासी रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा कार के बेकाबू होने से प्रतीत हो रहा है। घायलों का इलाज एम्स में चल रहा है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अभिनव ने मारी बाजी

डोईवाला। एनसी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की ओर से आयोजित ब्लॉकस्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में डोईवाला ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में रेनासेंस ड्रोन स्कूल के अभिनव चौहान ने प्रथम, इंटर कॉलेज दूधली के अभिनव सिलस्वाल ने द्वितीय और आर्यन विद्या मंदिर के देवांश पुंडीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस उप निरीक्षक प्रीति सैनी ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन्हें सही राह दिखाने की जरूरत है। सभासद मनीष धीमान और समाजसेवी फुरकान अहमद ने कहा कि बच्चों को अंकों के पीछे भागने की बजाय प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। एनसी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के निदेशक नीलांशु चौहान ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं द्वारा बच्चों को अपनी कुशलता दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर एसआई ईश्वर सैनी, मोहित उनियाल, स्पर्श सक्सेना आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रेखा चौहान, कोमल चौहान, विक्रांत सागर, रीना चौहान, अंकित भंडारी, नीरज, प्रियांशु, सत्यम आदि रहे।

### 150 लोगों ने उठाया हृदय जांच शिविर का लाभ

ऋषिकेश । स्पंदन हार्ट केयर सेंटर ने रविवार को गंगानगर स्थित हटवाल पार्क में हृदय जांच शिविर आयोजित किया। इसमें 150 से अधिक लोगों ने शुगर, बीपी व ईसीजी जांच का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी डॉ. राजीव हटवाल के पुत्र अभिषेक हटवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रतीक कालिया, पार्षद शिव कुमार गौतम ने किया। शिविर संयोजक पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना है। इस दौरान शिविर में 150 से अधिक लोगों ने बीपी, ईसीजी, शुगर आदि की जांच करवाई। 50 लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। मौके पर एबीवीपी के पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रवीण रावत, रंजन अंथवाल, रेखा चौबे, अतुल कुंज, रमेश अरोड़ा, सपना रावत, ज्योति राठौड़ी, सरोजनी देवी, भजन सिंह, दीपक भारद्वाज, नंदा रावत, उषा रावत, शूरवीर सिंह रावत, राहुल रावत, आशीष शर्मा, मुकेश नेगी, अरुण राणाकोटि, रोहित सोनी, अंकुर आदि उपस्थित रहे।